




नवभारत

भोपाल, गुरुवार, 28 मई, 2026


# सोते समय युवक की कनपटी पर कट्टा अड़ाकर मारी गोली

## 25 साल पुरानी दुश्मनी में गई 28 वर्षीय राजाराम की जान

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 27 मई. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तिलवा गांव में मंगलवार-बुधवार की रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. यहां एक 28 वर्षीय युवक राजाराम कुशवाहा की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई. शुरुआती जांच में इस खूनी वारदात की वजह पुराना पारिवारिक और जमीनी विवाद बताया जा रहा है.**



### ईंट भट्टे की रखवाली कर रहे भाई पर आधा दर्जन हमलावरों का धावा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया.

मृतक के भाई वालादीन कुशवाहा ने बताया कि खेत और कुएं के पास उनके परिवार का ईंटों का भट्टा लगा हुआ है. मंगलवार को पूजा-पाठ के बाद भट्टे में आग डाली गई थी, जिसके चलते रात में खेत पर ही पूरे परिवार का खाना-पीना और कार्यक्रम था.

देर रात कार्यक्रम खत्म होने के बाद बाकी सदस्य घर लौट गए, जबकि भट्टे की रखवाली के लिए राजाराम कुशवाहा और उसका मंझला भाई कीरथ कुशवाहा खेत पर ही सो गए थे. वालादीन के अनुसार, रात करीब 12 बजे आधा दर्जन हथियारबंद लोग खेत पर पहुंचे और सोते हुए दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया.

हमलावरों को देखकर कीरथ ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन आरोपियों ने राजाराम को दबोच लिया और उसकी कनपटी पर कट्टा अड़ाकर गोली मार दी. गोली सिर के आर-पार निकल गई, जिससे राजाराम की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई. भागकर बचे कीरथ ने तुरंत इस पूरी घटना की जानकारी घर पहुंचकर परिजनों को दी.

### 25 साल पुराना है जमीनी विवाद

परिजनों ने सीधा आरोप लगाया है कि हत्या करने वाले उनके अपने ही परिवार के लोग हैं, जिनसे लंबे समय से जमीन को लेकर रंजिश चल रही है. वालादीन ने चिंता, साधु, नंदी, धनी और अरविंद यादव सहित अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है. परिजनों के मुताबिक, दोनों परिवारों के बीच पिछले 25 साल से जमीन का विवाद चला आ रहा है और करीब 10 साल पहले भी इसी जमीन को लेकर गंभीर मारपीट हुई थी.

### 15 दिन पहले ही राजस्थान से आया था मृतक

बताया गया है कि मृतक राजाराम राजस्थान के झुंझुनूं में मजदूरी का काम करता था और करीब 15 दिन पहले ही अपने गांव तिलवा आया था. उसकी पत्नी और तीन बेटियां फिलहाल राजस्थान में ही हैं, जबकि दो बेटियां गांव में थीं. इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद से पूरे गांव में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है. सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है.

# भैंस चोरी के शक में पिता-पुत्र का अपहरण कर पीटा

## घंटों बंधक बनाकर लाठी-डंडों से की मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 27 मई. जिले में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दबंगई और अमानवीयता का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहाँ महज भैंस चोरी के शक में कुछ लोगों ने एक पिता और उसके बेटे का कथित रूप से अपहरण कर लिया.**



### वीडियो वायरल

इसके बाद दोनों को एक कमरे में बंधक बनाकर घंटो बेरहमी से पीटा गया. इस पूरी वारदात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है.

जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने कानून को ताक पर रखकर दोनों पीड़ितों को जबरन उठाया और एक सुनसान कमरे में बंद कर दिया. इसके बाद कई घंटों तक दोनों पर लात-घूंसों और डंडों की बरसात की गई. सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक स्थानीय व्यक्ति इस पूरी घटना की जानकारी देते हुए आरोपियों की इस बर्बर करतूत का खुलासा करता नजर आ रहा है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से मवेशी चोरी की घटनाएं जरूर सामने आ रही थीं, लेकिन केवल शक के आधार पर किसी को बंधक बनाकर इस तरह कानून हाथ में लेना बेहद गंभीर और निंदनीय है. पीड़ित परिवार ने रो-रोकर आरोप लगाया है कि उनके पास से भैंस चोरी का कोई ठोस सबूत नहीं मिला, फिर भी उनके साथ जानवरों जैसा सलूक किया गया. इस घटना के बाद से ही इलाके के लोगों में भारी आक्रोश है और पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है.

### आरोपियों की तलाश शुरू

इस संवेदनशील मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन तुरंत एक्शन में आ गया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की तकनीकी तौर पर सत्यता जांची जा रही है. घटना स्थल की तस्दीक करने के साथ ही वारदात में शामिल सभी आरोपियों की पहचान की जा रही है. पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही सभी दोषियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा.



# खजुराहो से गूंजा योग का संदेश

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को वर्चुअली किया संबोधित

**नवभारत न्यूज**

**खजुराहो, 27 मई. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में 25 दिवसीय काउंटडाउन ( उलटी गिनती ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

### 25 दिवसीय काउंटडाउन

- केंद्रीय और राज्य मंत्रियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि योग और खजुराहो दोनों ही भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा के संवेदनशील और गौरवशाली प्रतीक हैं. उन्होंने कहा कि इस काउंटडाउन इवेंट के माध्यम से देशभर के लाखों लोग योग से जुड़ रहे हैं. इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, मध्य प्रदेश के उच्च व तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, संस्कृति व पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया. इसके बाद उपस्थित सभी अतिथियों और आमजन ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया.

### योग के प्रति जागरुकता बढ़ाना है मुख्य उद्देश्य

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले शुरू होने वाला यह 25 दिनों का काउंटडाउन हर साल एक महत्वपूर्ण प्रचार-प्रसार चरण के रूप में मनाया जाता है. इसका मुख्य उद्देश्य देश भर में विभिन्न योग प्रदर्शनों, जागरूकता अभियानों और सामुदायिक गतिविधियों के जरिए योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और इसमें सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है.

### कई दिग्गज और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

खजुराहो के ऐतिहासिक प्रांगण में आयोजित इस योग सत्र में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी रजत सखलेचा विशेष रूप से मौजूद रहे. इनके अलावा आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव मोनालिसा दास, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) काशीनाथ समागंडी, केंद्र व जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, योग विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिकों ने शामिल होकर योग का संदेश दिया.

### एक नजर में



#### बिजली समस्या पर भड़के लोग, किया बस स्टैंड पर प्रदर्शन

**महाराजपुर (छतरपुर).** क्षेत्र में लगातार गहराते बिजली संकट और अघोषित कटौती से परेशान महाराजपुर के नागरिकों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया. पूर्व में दिए गए शिकायती आवेदन पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज होकर 27 मई को दोपहर 1:00 बजे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने बस स्टैंड पर एकत्रित होकर उग्र प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इसके बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार को नागरिकों ने दोबारा आवेदन सौंपते हुए विद्युत आपूर्ति में तत्काल सुधार करने की मांग की. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी उनकी समस्या का स्थायी निराकरण नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने के लिए विवश होंगे.

#### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2.65 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर.** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 5 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 2.65 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है. हितग्राही बबली राजा परमार पिता प्रीतम सिंह परमार वार्ड नंबर 4 निवासी लिधौरा बड़ामलहरा को 30 हजार, कमलेश सोनी पिता पूरनलाल सोनी वार्ड नंबर 10 छतरपुर, वीरेंद्र कुमार यादव पिता शिवदयाल यादव वार्ड नंबर 5 पीडब्ल्यूडी स्टोर के सामने नौगांव को 50-50 हजार रुपए, संतोष राय पिता बिहारी लाल निवासी बक्सवाहा जिला छतरपुर को 65 हजार रुपए एवं राजकुमार असाटी पिता देवी प्रसाद बड़ामलहरा वार्ड नंबर 7 बड़ामलहरा जिला छतरपुर को 70 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है.

# अवैध रेत से भरा हाईवा जब्त, बमीठा थाने में कराया खड़ा

## खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, एनएच-39 पर पीछा कर चंद्रनगर के पास पकड़ा वाहन

**बमीठा/छतरपुर, 27 मई. जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने एक और बड़ी कार्रवाई की है. विभाग की टीम ने एनएच-39 मार्ग पर अवैध रूप से रेत ले जा रहे एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन को पीछा करके जप्त किया है.**



इस कार्रवाई से रेत का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग को सुबह मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि अवैध रेत से ओवरलोड एक हाईवा एनएच-39 मार्ग से होकर गुजर रहा है. सूचना मिलते ही खनिज अधिकारी मुनेन्द्र सिंह तत्काल अपने हमराह बल के साथ मौके के लिए रवाना हुए. टीम ने सजगता दिखाते हुए मार्ग पर संबंधित वाहन को चिन्हित किया और उसका पीछा करना शुरू किया.

खनिज विभाग की टीम ने घेराबंदी करते हुए चंद्रनगर के पास हाईवा को रोक लिया. जब वाहन के दस्तावेजों और उसमें लोड सामग्री की जांच की गई, तो पाया गया कि उसमें बिना किसी वैध रॉयल्टी और अनुमति के अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था. इसके बाद टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हाईवा को अपने कब्जे में ले लिया और उसे सुरक्षा के लिहाज से बमीठा थाना परिसर में लाकर खड़ा करवा दिया है.

### लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

इस सफल कार्रवाई में खनिज अधिकारी मुनेन्द्र सिंह के साथ आरक्षक रामलखन पटेल और राममिलन सोनकिया का विशेष सहयोग रहा. खनिज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन और परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में भी माफियाओं के खिलाफ इस तरह की औचक और सख्त दंडात्मक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

# सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 27 मई.** जिले के गुलगंज तिराहे के पास बीती शाम एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छतरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा एक अज्ञात ट्रक बड़ा मलहरा की ओर से लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मारते हुए कुचल गया. हादसे में गुलगंज के गढ़ी मोहल्ला निवासी अहिरवार समाज के प्रभु अहिरवार और अशोक अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गब्बर अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गया.

# सीसी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**चंदला, 27 मई. गौरिहार जनपद की ग्राम पंचायत घूर में हाल ही में कराया गया सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है.**



### गौरिहार जनपद की घूर ग्राम पंचायत का मामला

ग्रामीणों के अनुसार प्रमोद विंदुआ के मकान से बरदानी साहू के मकान तक लगभग 200 मीटर लंबी सीसी सड़क 3.66 लाख की लागत से निर्माण एक माह पहले कराया गया था, लेकिन सड़क में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और निर्माण में उपयोग किया गया मसाला भी उखड़ने लगा है.

ग्रामीणों का कहना है कि नाले की मिट्टी मिली हुई चूना वाला व्हाइट कंकड़ वाली रेत का प्रयोग किया गया है, न ही बाइब्रेटर लगाया गया है. मानक के अनुसार मटेरियल का प्रयोग नहीं किया गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मोटाई निर्धारित 8 इंच के बजाय लगभग 3 से 4 इंच ही रखी गई, जिससे सड़क कमजोर साबित हो रही है. वहीं नाली निर्माण कार्य भी नाम मात्र के लिए कराया गया है. ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. गौरीहार जनपद के अधिकारियों के आंखों यह भ्रष्टाचार आखिर नजर में क्यों नहीं आ रहा है, क्यों नहीं जांच कर कार्यवाही की जा रही है.

### इनका कहना है

हम तत्काल संज्ञान में लेकर टीम गठित कर जांच कर कार्रवाई की जाएगी

**- मधु प्रजापति, एसडीओ जनपद पंचायत गौरिहार**

# अवैध शराब की तस्करी करता युवक गिरफ्तार

## यातायात पुलिस की कार्रवाई

**छतरपुर 27 मई.** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यस्त देरी तिराहे पर आज यातायात पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ एक सफल कार्रवाई की है। पुलिस ने स्कूटी से शराब की सप्लाई करने जा रहे एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



जानकारी के अनुसार, 27 मई को दोपहर करीब 1:00 बजे यातायात पुलिस की टीम देरी तिराहे पर वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध स्कूटी सवार को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो पुलिस कर्मी दंग रह गए। युवक के पास से भारी मात्रा में अवैध देसी और अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यातायात पुलिस ने मौके से ही अवैध शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी को जब्त कर लिया है। साथ ही आरोपी युवक को हिरासत में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए सिविल लाइन थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह शराब कहाँ से लाया था और इसे कहाँ सप्लाई करने जा रहा था।

### फूटा गुस्सा

### मडदेवरा में नल-जल योजना की पाइप लाइन दो साल से सूखी

# पेयजल संकट को लेकर सड़क पर बर्तन रखकर लगाया जाम

**बक्सवाहा ( छतरपुर ), 27 मई. छतरपुर जिले के बक्सवाहा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मडदेवरा में गहराते पेयजल संकट को लेकर आखिरकार ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया.**

### दूर-दूर भटकने को मजबूर, कलेक्टर से आस



पिछले दो वर्षों से पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा. पानी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने मुख्य सड़क पर खाली डिब्बे, बाल्टियां और बर्तन रखकर रास्ता जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया. आंदोलन कर रही महिलाओं ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उन्हें खाना बनाने और पीने जैसे बेहद जरूरी दैनिक उपयोग के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है. पानी के इंतजाम के लिए उन्हें तेज धूप में रोजाना कई किलोमीटर दूर तक भटकना पड़ता है. ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अब उन्हें गांव की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान के लिए सीधे कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं. इस चक्काजाम प्रदर्शन के कारण मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह ठप रहा और वाहनों की कतारें लग गईं. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मडदेवरा गांव में पेयजल संकट का तुरंत और स्थायी समाधान किया जाए. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सुचारू रूप से पानी की व्यवस्था शुरू नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में उनका यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप ले सकता है.

### कागजों पर योजना

आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में सरकार की 'नल-जल योजना' के तहत पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन पिछले दो साल से इन नलों में पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है. ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी योजनाओं का ढिंढोरा तो खूब पीटा जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है. गांव में पेयजल की किल्लत को लेकर कई बार पंचायत के सरपंच और सचिव से गुहार लगाई गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर समस्या की तरफ आंखें मूंद रखी हैं.

### केके हत्याकांड में 4 आरोपी गिरफ्तार

**लवकुशनगर (छतरपुर).** अक्टोहा तिराहे पर युवा व्यापारी केके गुप्ता की धारदार हथियार से गला रेतकर की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. छतरपुर एसपी रजत सखलेचा द्वारा गठित विशेष टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ?8,000 के इनामी चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वारदात के बाद से ही लवकुशनगर के व्यापारियों और आमजन में भारी आक्रोश और भय का माहौल था, जिसके विरोध में मंगलवार को पूरा बाजार बंद रहा था. जनता में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बहाल करने के लिए पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच नगर के मुख्य बाजार से पैदल निकाला.